संवहनीयता के प्रति हमारा दृष्टिकोण

साथ साथ बदलते हुए

हमारा उद्देश्य सरल है: लोगों के जीवन में बदलाव लाना और जिन समुदायों को हम सुविधा प्रदान करते हैं उनका उत्थान करना. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हमारे द्वारा लाए जानेवाले परिवर्तन पर हम गौरवान्वित है और हमारे हितधारकों के उन्नयन के लिए हमारे द्वारा किए जानेवाले कार्य के प्रति हम आशावादी है. हमारे शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों,समुदाय और विनियामक सहित हितधारकों के लिए दीर्घकालिक स्थिर मूल्य को जनरेट करने हेतु हमारा ध्यान है. यह हमारे विजन के साथ संरेखित है और हमारे कोर मूल्यों और कार्यनीतिपरक कार्यों द्वारा मार्गदर्शित है. संवहनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को हमारे कंपनी भर में एकीकृत किया है और हमारे कार्यनीतिपरक प्राथमिकताओं के साथ संरेखित किया है.



हमारे मूल्य प्रस्ताव

यदि भारत को सुदृढ़ अर्थ व्यवस्था बनना है तो उस बैंकों को सशक्त करने की आवश्यकता है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हम भारत के सबसे प्रमुख बैंकों में अपने को परिवर्तित कर रहे हैं. बल के साथ कार्यनीतिपरक भलाई करने की क्षमता प्राप्त होती है. इसलिए कार्पोरेट स्थिरता की ओर हमारा दृष्टिकोण और ईएसजी, भलाई करने पर भलाई होता है पर केंद्रित किया है. हमें विश्वास हैं कि कैसे वित्तीय सहायता समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव लाता है. मिलजुलकर, हम अपने हितधारकों के लिए काम कर सकते हैं.

हम सामान्य भलाई और दीर्घ काल के लिए जनता और कारोबार के समर्थन के लिए वित्तीय सहायता का दायित्वपूर्ण संवितरण करते हैं, समानुभूति और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हैं, नवीनता और स्थिरता का समर्थन करते हैं.

हम अपनी विविधता के कारण ऐसे कार्य कर सकते हैं. एक वैश्विक भारतीय बैंक होने के कारण हमारे ग्राहकों और उपभोक्ताओं में विविधता है - व्यक्तियों से और छोटे कारोबार करनेवालों से लेकर वैश्विक निगमों से सरकार तक तथा हमारे परिचालन क्षेत्रों में आनेवाले भौगोलिक क्षेत्र से लेकर हमारे द्वारा सृजित करनेवाले आय के प्रकार तक. यह विविधता हमें अर्थशास्त्र चक्र के ज़रिए लचीलापन प्रदान करती है और स्थाई वित्तीय निष्पादन प्रदान करने हेतु मंच प्रदान करता है.

यह हमें और बेहतरीन ढंग से अपने हितधारकों की सेवा करने का मौका देता है. हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेवाएँ प्रदान करना है, सहकर्मियों के लिए अच्छा कार्य स्थल का सृजन करना है, समाज को सहायता करना और शेयर धारकों को स्थिर रिटर्न प्रदान करना है. जैसे हमारा लक्ष्य हमारे बैंक के लिए स्थिर वृद्धि है, ताकि हमारे हितधारक भी हमारे साथ आगे बढ़ेंगे.

» **हमारे ग्राहकों के साथ**

हमारे उत्पादों, सेवाओं के उपयोग करनेवालों की हम सहायता करते हैं और उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति करते हैं.

» **हमारे कर्मचारियों का साथ**

हम उनके स्वास्थ्य और भलाई के लिए सुविधा प्रदान करते हैं, उनके करियर के निर्माण में सहायता करते हैं और बेहतरीन सेवा प्रदान करने हेतु उन्हें सशक्त और प्रेरित करते हैं.

एक लचीला और विविध संस्था के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने स्थिर वृद्धि पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए शेयरधारकों को स्थिर रिटर्न प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है. हम, सभी हितधारकों की सहायता करने हेतु सुदृढ़ कारोरबार का निर्माण करते हैं जिससे साझा समृद्धि हेतु अवसरों का सृजन होता है.

» **समाज और पर्यावरण का साथ**

दीर्घ अवधि में हमारी सफलता को अलंघनीय रूप से हमारे समुदायों की प्रगति और हमारे पर्यावरण संरक्षण के साथ अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है.

» **हमारे निवेशकों का साथ**

हम एक सशक्त, विविधता से पूर्ण कारोबार के निर्माण करने में निरंतर प्रयासरत है जिससे आकर्षक और स्थिर रिटर्न प्रदान कर सकते हैं.

पर्यवेक्षण

बैंक के ईएसजी पर्यवेक्षण, हितधारकों की रिलेशनशिप समिति (एसआरसी) द्वारा की जाती है.इस समिति का लक्ष्य, बोर्ड और बैंक को अपनी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और ईएसजी लक्ष्यों की पूर्ति करने में सहायता करना है. समिति में पर्याप्त रूप से कार्यपालक और गैर कार्यपालक निदेशक हैं. वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान बैंक के शेयर धारक निदेशक सुश्री प्रीति जय राव ने समिति की अध्यक्षता की. वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान समिति ने 4 बैठक आयोजित की.

ग्राहक सेवा और कार्पोरेट सामाजिक दायित्व से संबंधित कार्यों के साथ इसे संबंधित करते हुए एसआरसी की संभावना को विस्तृत किया गया. एसआरसी को पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) कार्यों के साथ अनिवार्य किया गया है.